UNIVERSITY NEWS 11 MAY 2026

AMAR UJALA

राग चिकित्सा... सुर बनेंगे संजीवनी

राग दरबारी और राग भैरवी सुनने से अवसाद के मामलों में 40 फीसदी की आई कमी

विनीत चतुर्वेदी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जुलोजी विभाग में हुए एक शोध में सामने आया है कि भारतीय शास्त्रीय संगीत में न केवल मन को सुकून देने की, बल्कि उपचार और रोगों को ठीक करने की अद्भुत क्षमता है।

जुलोजी विभाग की प्रो. कल्पना, निकिता कटियार और उनकी टीम ने चूहों पर किए गए लंबे शोध में पाया है कि राग भैरवी राग दरबारी संगीत के संपर्क में आने वाले मोटे और मंद चूहों में व्यावहारिक और शारीरिक दोनों स्तरों पर उल्लेखनीय सुधार हुआ। प्राचीन विद्या राग चिकित्सा के प्रयोग से चूहों में 40 से 60 प्रतिशत तक बेहतर सक्रियता और मेमोरी सुधार देखी गई।

लविवि के जुलोजी विभाग के प्राचीन राग चिकित्सा पर शोध को स्कोपस जर्नल ने दी मान्यता

▪ वैज्ञानिक आधार : शोध बताते हैं कि राग दरबारी सुनने से दिमाग के न्यूरॉन्स तेजी से सक्रिय होते हैं, जिससे सोचने-समझने की क्षमता और निर्णय लेने की शक्ति बेहतर होती है। कुछ राग रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत करते हैं। शरीर में कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर कम होता है, जिससे राहत महसूस होती है। संगीत चिकित्सा हृदय गति को नियमित करने और दिल की बीमारियों के प्रबंधन में सहायक पाया गया है।

▪ नर्वस सिस्टम और एंडोक्राइन सिस्टम पर पड़ा सीधा प्रभाव : टीम ने राग चिकित्सा का सीधे नर्वस सिस्टम और एंडोक्राइन सिस्टम पर हीलिंग प्रभाव पाया। चूहों के ब्रेन के एड्रिनल कॉर्टिक्स में बने तनाव प्रबंधन में काम आने वाला कॉर्टिकोस्टेरोन (स्टेरॉयड हार्मोन) बढ़ा हुआ पाया गया। टीम के इस शोध को प्रतिष्ठित स्कोपस जर्नल ने मान्यता दी है। प्रो. कल्पना और उनकी उत्साहित टीम अब डायबिटीज और उच्च रक्तचाप में राग कल्याण, राग शंकरभरणम, राग तोड़ी, अहिर-भैरव और राग देश का प्रयोग कर रही हैं जिसके चौंकाने वाले सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं।

I NEXT

एलयू में पीजी सम सेमेस्टर एग्जाम 16 मई से

LUCKNOW (10 MAY): लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से पीजी सम सेमेस्टर एग्जाम 16 मई से कराए जाएंगे. एग्जाम डिपार्टमेंट ने कई कोर्सों का प्रोग्राम जारी किया है. एमए साइकोलाजी फोर्थ सेमेस्टर के एग्जाम 16 से 20 मई, डीफार्मा सेकंड ईयर के एग्जाम 18 मई से 1 जून, बीपीएड फोर्थ सेमेस्टर के एग्जाम 25 मई से 3 जून और एमपीएड फोर्थ सेमेस्टर के एग्जाम 26 से 30 मई तक होंगे.

कब कौन सा एग्जाम

एमएससी केमिस्ट्री फोर्थ सेमेस्टर एग्जाम 20 से 30 मई, एमए संस्कृत फोर्थ सेमेस्टर एग्जाम 22 मई से 5 जून, एमए उर्दू फोर्थ सेमेस्टर एग्जाम 18 से 25 मई और एमएससी बाटनी फोर्थ सेमेस्टर एग्जाम 18 से 25 मई तक होंगी. एमएससी जूलाजी फोर्थ सेमेस्टर एग्जाम 22 से 29 मई, एमएससी फिजिक्स फोर्थ सेमेस्टर एग्जाम 29 मई से 5 जून, एमए होम साइंस फोर्थ सेमेस्टर एग्जाम 20 से 25 मई, एमए जाग्रफी फोर्थ सेमेस्टर एग्जाम 25 मई से 3 जून और एमसीए फोर्थ सेमेस्टर एग्जाम 18 से 22 मई तक होंगे.

DAINIK JAGRAN

पीजी सम सेमेस्टर परीक्षाएं 16 से, समय सारिणी जारी

जासं • लखनऊ : लवि की ओर से परास्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाएं 16 मई से आयोजित की जाएंगी। परीक्षा विभाग ने कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। एम.ए साइकोलाजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से 20 मई तक, डीफार्मा द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 18 मई से एक जून, बीपीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 मई से तीन जून और एमपीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 से 30 मई तक होंगी। एम.एससी केमिस्ट्री चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 से 30 मई, एम.ए संस्कृत चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से पांच जून, एम.ए उर्दू चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 25 मई और एम.एससी बाटनी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 25 मई तक संचालित की जाएंगी। एम.एससी जूलाजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 से 29 मई, एम.एससी फिजिक्स चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मई से पांच जून, एम.ए होम साइंस चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 से 25 मई, एम.ए जाग्रफी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 मई से तीन जून और एमसीए चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 22 मई तक होंगी।